जबलपुर | मंगलवार | 12 अगस्त 2025 | वर्ष 76 | अंक 189 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से | जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण

## एक नजर में



### एडवोकेट जनरल पद पर पुरुषों का आरक्षण रद्द

**नयी दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना में जज एडवोकेट जनरल (जेएजी) के छह पद पुरुषों के लिए आरक्षित करने के प्रस्ताव को रद्द करते हुए सोमवार को कहा कि सभी अभ्यर्थियों के लिए एक संयुक्त योग्यता सूची तैयार की जाए. न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने अर्शनूर कौर की याचिका पर यह आदेश पारित किया. पीठ ने पुरुषों के लिए छह और महिलाओं के लिए तीन पद आरक्षित करने के प्रस्ताव को मनमाना करार देते हुए कहा, कार्यपालिका पुरुषों के लिए यह पद आरक्षित नहीं कर सकती.

### इसरो : मोबाइल में सीधे सैटेलाइट कनेक्टिविटी

**नयी दिल्ली.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जल्द ही ऐसा सैटेलाइट लॉन्च करने जा रहा है, जो मोबाइल फोन को सीधे सैटेलाइट से जोड़कर हाई-स्पीड इंटरनेट और कॉल सुविधा देगा. इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन ने बताया कि अमेरिका का 6,500 किलोग्राम वजनी ब्लॉक-2 ब्लूबर्ड सैटेलाइट अगले महीने भारत पहुंचेगा और आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से एलवीएम-3-एम5 रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा जाएगा.

# भीषण सड़क हादसे में 8 की मौत

## अनूपपुर में स्कॉर्पियो ने बाइक को मारी टक्कर, आठ लोग गंभीर रूप से घायल

**अनूपपुर. सोमवार सुबह सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि उमरिया में मोटर साइकिलों की सीधी भिड़ंत में मामा-भांजे सहित तीन लोगों की मौत हो गई. अनूपपुर में एक स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी. इसके बाद पलटी खाते हुए निर्माणाधीन मकान में घुस गई. हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई. दो शवों का पोस्टमार्टम कोतमा और तीन का बीजरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है. 5 गंभीर घायल हैं, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती कराया गया है.**

एक्सीडेंट सोमवार सुबह करीब 10 बजे रामनगर थाना क्षेत्र के रेऊंदा गांव में हुआ. स्कॉर्पियो सवार



अनूपपुर के कोतमा से बेलिया जा रहे थे. मृतकों में से चार स्कॉर्पियो जबकि एक बाइक सवार शामिल है. शुभम पिता राकेश चौधरी (19) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर, राहुल पिता तीरथ केवट (19) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर, सौरभ प्रधान पिता हुकुमचंद प्रधान (18) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर, पुष्पेंद्र घसिया निवासी छौहरी, अनूपपुर, बाइक सवार अमित चौधरी निवासी उड़तान, अनूपपुर की मौत हो गई. जबकि स्कॉर्पियो सवार आशीष केवट पिता भोला केवट (18) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर, अमलेंद्र सिंह (20) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर, विकास सिंह पिता चरकू सिंह (20) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर, गुड्डा (19) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर, भेलन उर्फ छोहरी पिता सूरज (19) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर घायल हो गये हैं.

### बाइकों की भिड़ंत, मामा-भांजे सहित 3 की मौत

**उमरिया.** बरही-अमरपुर मार्ग में मोटर साईकिलों की सीधी भिड़ंत में मामा-भांजे सहित 3 व्यक्तियों की अकाल मौत हो गईं तो वहीं 4 अन्य बाईक सवार घायल हुए हैं, सभी घायलों को स्वास्थ्य केंद्र बरही में भर्ती कराया गया, जिनमें 3 की हालत गंभीर होने पर कटनी रेफर कर दिया गया है. यह भीषण सड़क हादसा तहसील मुख्यालय बरही से 10 किलोमीटर दूर उमरिया जिले के अमरपुर में सोमवार की शाम हुआ है, जिसमें कटनी जिले के बरही तहसील के15 वर्षीय अनुज पिता भगवानदास कोल और उसके मामा 22 साल के अनिल कोल ग्राम खिरवा-घूनौर सहित एक अन्य युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गईं.

टीआई कौशिक ने बताया कि स्कॉर्पियो सवार लोग कोतमा से झिरिया टोला की तरह आ रहे थे. वहीं, बाइक सवार युवक झिरिया टोला से कोतमा की ओर जा रहा था. नेशनल हाईवे 43 पर झिरिया टोला के पास स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई. बाइक को टक्कर मार दी, फिर निर्माणाधीन मकान में जा घुसी. मकान में कोई मौजूद नहीं था. टीआई ने बताया कि स्कॉर्पियो सवार सभी लोग एक ही गांव के रहने वाले हैं. स्कॉर्पियो आशीष केवट की है. वह सुबह दोस्तों के साथ घूमने निकला था.

# एयर इंडिया की आपातकालीन लैंडिंग, बाल बाल बचे सांसद

**नयी दिल्ली, 11 अगस्त. केरल के तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के बाद आपातकालीन स्थिति में चेन्नई में आपातकालीन लैंडिंग करायी गयी और विमान में सवार कई सांसदों की जान बाल-बाल बच गयी.**

विमान से यात्रा कर रहे कांग्रेस महासचिव कैसी वेणुगोपाल ने इस हवाई सफर को अत्यंत डरावना बताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर अनुभव साझा करते हुए एक पोस्ट में उड़ान संख्या एआई 2455 की यात्रा को अत्यंत कष्टप्रद बताया और कहा कि इस यात्रा में वे त्रासदी के बेहद करीब पहुंच गए थे. उन्होंने लिखा, उड़ान पहले से ही विलंब थी. एयर इंडिया के इस विमान में कई सांसद और सैकडों यात्री थे. उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हमें अभूतपूर्व स्थिति का सामना करना पड़ा. लगभग एक घंटे बाद कैप्टन ने उड़ान सिग्नल में खराबी की घोषणा की और विमान को चेन्नई की ओर मोड़ दिया. लगभग दो घंटे तक हम उतरने की अनुमति का इंतज़ार करते हुए हवाई अड्डे के चक्कर लगाते रहे. विमान के लैंड करने का पहला प्रयास में दिल दहला देने वाली बात सामने आयी कि उसी रनवे पर एक और विमान था.


वेणुगोपाल ने आगे लिखा, यात्रियों की सुरक्षा भाग्य पर निर्भर नहीं हो सकती इसलिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भी टैग किया और उनसे घटना की जांच करने, जवाबदेही तय करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ऐसी चूक दोबारा न हो.

# कांग्रेस के आनंद शर्मा का इस्तीफा

**नयी दिल्ली,11 अगस्त. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने पार्टी के विदेश मामलों के विभाग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है.**

लगभग एक दशक से इस जिम्मेदारी को संभाल रहे शर्मा ने रविवार, 10 अगस्त को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र भेजकर अपना त्यागपत्र सौंपा. हालांकि वे कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य बने रहेंगे और पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेंगे.

अपने पत्र में शर्मा ने लिखा कि



वे चाहते हैं कि विदेश विभाग का पुनर्गठन किया जाए, ताकि नई पीढ़ी को नेतृत्व का अवसर मिले. उन्होंने संगठन को मजबूत करने की मंशा से यह कदम उठाने की बात कही और पार्टी नेतृत्व का आभार जताया.

शर्मा के कार्यकाल में कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने राजनीतिक और कूटनीतिक रिश्तों को मजबूत किया.

# वायुसेना ने सरकार को सौंपी सूची

**नयी दिल्ली,11 अगस्त. भारतीय वायुसेना ने सरकार से लड़ाकू विमानों की कमी पूरी करने के लिए बड़ी मांग रखी है. वायुसेना चाहती है कि लंबे समय से लंबित 114 मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट (एमआरएफए) प्रोजेक्ट को जल्द आगे बढ़ाया जाए, जिसके तहत ज्यादातर विमान विदेशी सहयोग से देश में ही बनाए जाएंगे.**

इसमें राफेल विमानों की नई खेप भी शामिल है, जो ऑपरेशन सिंदूर में अपनी क्षमता दिखा चुके हैं. साथ ही वायुसेना ने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की भी मांग की है, जिनमें रूस का सुखोई-57 और अमेरिका का एफ-35 शामिल हैं, हालांकि इस पर औपचारिक चर्चा शुरू नहीं हुई है.

वायुसेना का कहना है कि फ्रांस के साथ लंबित परियोजना के तहत नए विमान खरीदे या बनाए जाएं, ताकि बेड़े की ताकत बढ़ाई जा सके. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (डीएसी) एक-दो महीने में इस परियोजना को 'ऐक्सेपटेंस ऑफ नेसेसिटी' (एओएन) मंजूरी दे सकती है.

# संसद में कई अहम विधेयक पारित

**नयी दिल्ली, 11 अगस्त. संसद के दोनों सदनों में सोमवार को हंगामे के बीच कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए. राज्यसभा ने वाणिज्य पोत परिवहन विधेयक 225 को ध्वनिमत से पारित किया, जिससे सभी भारतीय समुद्री जहाजों का पंजीकरण अनिवार्य होगा. यह कानून अंतरराष्ट्रीय संधियों के अनुरूप और समुद्री सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है.**

विपक्षी हंगामे के बीच लोकसभा ने कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2025 और आयकर (संख्याक 2) विधेयक 2025 भी बिना चर्चा ध्वनिमत से पारित कर दिए. इसके अलावा, राज्यसभा ने गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजाति आरक्षण से जुड़े विधेयक को विपक्ष की अनुपस्थिति में मंजूरी दी.

अब 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा में पहली बार एसटी समुदाय के लिए आरक्षित सीट होगी. हंगामे के बावजूद, संसद ने एक ही दिन में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अहम विधायी सुधारों पर मुहर लगा दी.

### कानून मंत्री ने दिया जवाब

कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विधेयक पर बेहद संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 330 में अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए लोकसभा में और अनुच्छेद 332 में विधानसभा में सीटों का आरक्षण किये जाने का प्रावधान है. उन्होंने कहा कि गोवा विधानसभा में 40 सीटें हैं जिनमें से एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है जबकि अनुसूचित जनजाति के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है.




**Drive an expression of freedom**

Avail exciting benefits on the Taigun & Virtus

Acclaimed 7-speed DSG and 6-speed manual transmission options | Segment-first ventilated electric twin front seats
Exceptional sound with in-built Amplifier and Subwoofer | 6 airbags as standard

GLOBAL NCAP | 4 EVER CARE** 4 year Standard Warranty, 4 year Road Side Assistance, 3 Free Services | Exchange through Certified Pre-Owned | Additional Scrappage Benefits*** | Available across GeM, CSD & KPKB | Call 1800 102 0909 | volkswagen.co.in

Images are for representation purpose. The dark shade on the glass is due to the lighting effect. Features and accessories shown may not be part of the standard equipment and are subject to change without prior notice. The actual car colour may vary. ^Total benefits up to ₹2 10 000 applicable on Taigun GT Plus DSG Sport (VIN25) and ₹1 75 000 applicable on Virtus Highline New AT (VIN25), inclusive of all benefits including dealer benefits. #Price mentioned is a special offer price for Taigun and Virtus, Comfortline inclusive of all benefits. Corporate and loyalty benefits cannot be clubbed. 1% cess extra for Kerala. **Labour charges free for service applicable on mileage of 1 000, 7 500 and 15 000 kilometers. ***Additional scrappage benefits up to ₹20 000.

**Authorised Dealers: Volkswagen Jabalpur:** 9522669898, 8815108056; **Volkswagen Indore:** 9669694949, 0731-4002201, 0731-4002202; **Volkswagen New City Store Indore:** 8889622289, 9669694947; **Volkswagen DWA Extension Ratlam:** 9669694949, 7869917727; **Volkswagen Bhopal:** 9669697970, 8889677731; **Volkswagen Gwalior:** 8966905703, 8966905701; **Volkswagen Raipur:** 6262000711, 6262000706; **Volkswagen Bhilai:** 9399025387, 9109170895, 7065062323; **Volkwagen Bilaspur :** 9826140071, 9109170896.